# अंग्रेजी को अतिरिक्त भाषा या बोली के रूप में सीखने वाले K-10 के विद्यार्थियों के लिए लिखित रिपोर्टें

## अभिभावकों और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

प्रिय अभिभावकों और देखभालकर्ताओं

आपको हर साल अपनी संतान के स्कूल से दो लिखित रिपोर्ट मिलती हैं। ये रिपोर्टें आपको यह समझने में मदद करेंगी कि आपकी संतान की प्रगति कैसी है और आपका स्कूल आपके संतान की शिक्षा में किस तरह सहयोग कर रहा है। प्रत्येक रिपोर्ट में आपकी संतान की सभी विषयों में प्रगति दिखाई जाएगी।

### अंग्रेजी को अतिरिक्त भाषा या बोली के रूप में सीखने वाले विद्यार्थियों के लिए रिपोर्टें (English as an additional language or dialect (EAL/D))

यदि आपकी संतान अतिरिक्त भाषा या बोली (EAL/D) के रूप में अंग्रेजी सीख रही है, तो रिपोर्ट में बताया जाएगा कि उनके अंग्रेजी भाषा विकास को कैसे सहायता मिली है और अंग्रेजी भाषा सीखने में आपकी संतान की प्रगति कैसी है। कक्षा 1 और उससे ऊपर की कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए, रिपोर्ट में उनकी अंग्रेजी भाषा दक्षता के वर्तमान चरण को भी शामिल किया जाएगा। ये चरण प्रारंभिक (beginning), उभरते (emerging), विकासशील (developing) या मज़बूत पकड़ (consolidating) हैं। इन चरणों के विवरण के लिए कृपया पृष्ठ के पीछे देखें।

### नए आए (EAL/D) छात्रों के लिए रिपोर्टें

यदि आपकी संतान EAL/D कार्यक्रम में है और किसी ऑस्ट्रेलियाई स्कूल में चार या उससे कम सत्रों तक रही है, तो आपकी संतान की लिखित रिपोर्ट में ग्रेड के बजाय उनके द्वारा सीखे जा रहे विषयों में उनकी प्रगति के बारे में टिप्पणियाँ शामिल हो सकती हैं।

### गहन अंग्रेजी केंद्रों (इंटेन्सिव इंग्लिश सेंटरों) या गहन अंग्रेजी (इंटेन्सिव इंग्लिश) हाई स्कूल में नए आए EAL/D विद्यार्थियों के लिए रिपोर्टें

यदि आपकी संतान किसी गहन अंग्रेजी केंद्र या गहन अंग्रेजी हाई स्कूल में नामांकित है, तो आपको अंग्रेजी सीखने में उनकी प्रगति के बारे में एक लिखित रिपोर्ट प्राप्त होगी। इसके अलावा, रिपोर्ट में हाई स्कूल की तैयारी के दौरान पढ़े गए सभी विषयों में प्रगति दिखाई जाएगी।

| अंग्रेजी भाषा प्रवीणता के चरण | |
|---|---|
| **प्रारंभिक (Beginning) चरण** | प्रारंभिक चरण में विद्यार्थी अंग्रेज़ी सीखना शुरू कर रहे होते हैं। वे अंग्रेज़ी के अलावा एक या एक से ज़्यादा भाषाएँ बोल सकते हैं और हो सकता है कि उनकी प्रथम भाषा में उनकी आयु के अनुसार लिखित साक्षरता का उनका उचित स्तर भी हो। ये विद्यार्थी पाठ्यक्रम के सरल भाषाई कार्यों में शामिल होने लगे हैं। |
| **उभरते (Emerging) चरण** | उभरते चरण के विद्यार्थियों का अंग्रेजी का ज्ञान बढ़ता जा रहा है। ये विद्यार्थी बुनियादी अंग्रेजी सहित एक या एक से अधिक भाषाएँ बोल सकते हैं, और उनका लिखित अंग्रेजी का ज्ञान भी बढ़ता जा रहा है। जब इन विद्यार्थियों को उपयुक्त भाषा शिक्षण और कक्षा की गतिविधियों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय दिया जाता है तो वे कक्षा की गतिविधियों में भाग लेने और सीखने में सक्षम होते हैं। |
| **विकासशील (Developing) चरण** | विकासशील अवस्था में विद्यार्थी एक या एक से अधिक भाषाएँ बोल सकते हैं, जिनमें कार्यात्मक अंग्रेजी और लिखित अंग्रेजी के विकासशील ज्ञान का होना भी शामिल है, । ये विद्यार्थी कक्षा और स्कूल की दिनचर्या में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं, और सीखने के कार्यों में बढ़ती सफलता के साथ शामिल होते हैं। जब वे अंग्रेजी व्याकरण पर नियंत्रण विकसित कर रहे होते हैं और अपनी शब्दावली का निर्माण कर रहे होते हैं, तो उनकी पहली भाषा उनके लिए बहुत सहायक होती है। |
| **मज़बूत पकड़ (Consolidating) चरण** | इस चरण में विद्यार्थी अंग्रेजी सहित एक या अधिक भाषाएँ बोल सकते हैं और उन्हें लिखित अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान होता है। ये विद्यार्थी  कक्षा और स्कूल की दिनचर्या में स्वतंत्र रूप से भाग लेते हैं, और सामान्य सफलता के साथ सीखने में शामिल होने के लिए अंग्रेजी का उपयोग करने की उनकी क्षमता में वृद्धि होती है। वे कई विशिष्ट उद्देश्यों के लिए मौखिक और लिखित पाठों को समझते और तैयार करते हैं, लेकिन जैसे-जैसे विषयों की शैक्षणिक भाषा बढ़ती है, उन्हें अभी भी केंद्रित भाषा शिक्षण और EAL/D शिक्षार्थियों के अनुकूल नीतियों की आवश्यकता होती है। |

## टेलीफ़ोन दुभाषिया सेवा

यदि आप अधिक जानकारी चाहते हैं, तो कृपया स्कूल से संपर्क करें। यदि आपको स्कूल से संपर्क करने में सहायता के लिए किसी दुभाषिए की आवश्यकता है, तो कृपया टेलीफ़ोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर कॉल करें और अपनी भाषा में दुभाषिए की माँग करें। दुभाषिया स्कूल को कॉल करेगा और बातचीत में सहायता के लिए लाइन पर रहेगा। इस सेवा के लिए आपसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।